हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 6 नवंबर 2025

04 सिंधी के साथ सिख खत्री समाज ने धूमधाम से ...



08 जनसुनवाई की विडंबना : 70-80 किमी दूर से जिला...





## खबर संक्षेप

### जिपं की बैठक आज

**विदिशा।** जिला पंचायत में आज सामान्य प्रशासन समिति की बैठक होगी। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में यह बैठक सुबह 11 होगी। पिछले छह माह से यह बैठक नहीं हो पा रही थी। इस बैठक में जिला पंचायत की विभिन्न समितियों द्वारा रखे गए एजेंडों पर सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी 7 समितियों के सभापति एवं सचिव मौजूद रहेंगे। बैठक में ग्राम पंचायतों में मौजूद अवैध कॉलोनियों से शुल्क वसूलने की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान कांग्रेस सीएम के नाम देगी ज्ञापन

**विदिशा।** किसान कांग्रेस के निर्देश पर जिला किसान कांग्रेस के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किसानों की फ़सल खरीद से इंकार करने के विरोध में आज गुरुवार को दोपहर 2 बजे कलेक्टर को मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

### राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ वर्षभर मनाएंगे

**विदिशा।** भारत सरकार ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर तक देशभर में मनाने का निर्णय लिया है। स्वतंत्रता आंदोलन में इसके ऐतिहासिक योगदान और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करने हेतु कार्यक्रम चार चरणों में आयोजित होंगे प्रथम 7-14 नवम्बर तक, द्वितीय 19-26 जनवरी, तृतीय 7-15 अगस्त तथा चतुर्थ 1-7 नवंबर को समापन सप्ताह मनाया जाएगा।

### अर्थोटिक्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**विदिशा।** अटल बिहारी वाजपेई शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा में सीआरसी भोपाल द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं अर्थोटिक्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अविनाष लाघवे एवं डॉ. सनत सिंह ने किया। विशेषज्ञों ने कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों की नवीन तकनीक व महत्व पर जानकारी दी। ऑटोबॉक कंपनी, इंदौर के सरोज नायक ने आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन किया।

### खेल महोत्सव में की सहभागिता



**कुरवाई।** बुधवार को सागर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे के नेतृत्व में कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्षों ने सहभागिता की। विधायक सप्रे ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद लता वानखेड़े, विधायक प्रदीप लारिया तथा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### स्वावलंबन की ओर विदिशा का कदम



**विदिशा।** मप्र के 70वें स्थापना दिवस 'अभ्युदय मप्र' पर विदिशा जिले ने नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शुरू हुई गोबरशाला पहल के अंतर्गत कुआंखेड़ी की गोबरशिल्पी सोनम नामदेव ने लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में गोबर से बनी पर्यावरण अनुकूल कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई। यह पहल ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, अपशिष्ट प्रबंधन और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरक साबित हो रही है।

## एसपी समीक्षा: थानों में सीसीटीवी कैमरे, लाइटिंग की व्यवस्था सुधारी जाएगी

# बच्चों को ढूंढने में तेजी लाएगी पुलिस वारंटियों की गिरफ्तारी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा जिले में बच्चों की तलाश के लिए ऑपरेशन मुस्कान अभियान पर जोर दिया जाएगा। थाना भवनों के रखरखाव, सीसीटीवी और लाइटिंग सुधार किया जाएगा। वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी आएगी। बुधवार को एसपी रोहित काशवानी की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में क्राइम मीटिंग में समीक्षा की गई। इस बैठक में जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी काशवानी ने पारदर्शी पुलिसिंग पर जोर देते हुए जनता में विश्वास बनाए रखने को पुलिसिंग का मूल उद्देश्य बताया।

बैठक के दौरान थानास्तर पर अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता और जनहित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। एसपी ने संपत्ति चोरी, महिला सुरक्षा और एससी/ एसटी प्रकरणों की विवेचना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीएनएस पोर्टल पर एफआईआर और ई-साक्ष्य की समयसीमा में फीडिंग को अनिवार्य करने का आदेश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया। मादक पदार्थों पर नियंत्रण के लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करने के भी आदेश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, एसडीओपी लटेरी अमरेश बोहरे, एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह, एसडीओपी बासौदा शिखा भलावी, एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर, रक्षित निरीक्षक भूरसिंह चौहान और यातायात प्रभारी आशीष राय सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने बैठक के दौरान सीसीटीएनएस पोर्टल पर एफआईआर, चालान, ई-विवेचना, ई-साक्ष्य अपलोड एवं जीरो एफआईआर की समयबद्ध फीडिंग के निर्देश दिए गए। गुमशुदा बालक, बालिकाओं की खोज, बालकों की काउंसलिंग, परिजनों को सुपुर्दगी की प्रक्रिया में सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में राहत प्रकरणों की समयसीमा में पूर्ति एवं निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए होटल, ढाबों की होगी जांच



**विदिशा।** बैठक के दौरान जिलेभर के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

### बैठक के दौरान इन बिंदुओं पर भी चर्चा

- हत्या, बलात्कार, डकैती, अपहरण जैसे प्रकरणों की त्वरित विवेचना कर समयसीमा में चालान प्रस्तुत करें।
- चिन्हित स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी और न्यायालयीन की तामील हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश।
- मादक पदार्थों पर नियंत्रण हेतु सूचना तंत्र को सक्रिय रखते हुए ड्रग नेटवर्क का खुलासा करने के निर्देश।
- गुंडा एक्ट, जिलाबदर एवं तड़ीपार कार्यवाहियों में निरंतर सक्रियता बनाए रखने के निर्देश।
- महिला हेल्पलाइन, महिला डेस्क एवं विशेष शाखा द्वारा सतत निगरानी और सहायता सुनिश्चित की जाए। गुमशुदा बच्चों की तलाश हेतु होटल, ढाबों, बस स्टैंडों पर चेकिंग करने के निर्देश दिए।

## कमापार मंदिर के पास सड़क हादसा

# आगे चल रहे ट्रक चालक ने ब्रेक लगाए पीछे से दूसरा आकर घुसा



**विदिशा।** हादसे के बाद ट्रक में फंस गए थे इंदौर निवासी ड्राइवर के पैर।

**हादसे में घायल ड्राइवर की जान बचाने में आदर्श तिवारी और टीम का सराहनीय प्रयास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार देर रात 12 बजे सांची के पास कमापार मंदिर के सामने सड़क दुर्घटना में इंदौर निवासी ट्रक चालक पारस पंडित गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका ट्रक सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से टकरा गया, जिससे वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पारस उसमें फंस गए।

घटना की सूचना मिलने पर समाजसेवी आदर्श तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को समझते हुए तत्काल राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने टीम सदस्यों राजा यादव और आकाश परिहार के साथ मिलकर घायल चालक को बड़ी मुश्किल से ट्रक से बाहर निकाला और अपने वाहन से विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

डॉक्टरों के अनुसार पारस पंडित के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। लगभग 40 टांके लगाए गए हैं। समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। इस मानवीय और साहसिक कार्य के लिए आदर्श तिवारी एवं उनकी टीम की हर ओर से सराहना की जा रही है। आदर्श तिवारी और उनकी टीम की तत्परता के कारण एक जान और बच गई।

- टीम की तत्परता के कारण एक जान और बच गई।

# भव्य कवि सम्मेलन में गूंजी काव्य धारा, श्रोताओं ने खूब लिया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मां वेत्रवती घाट उद्धार सेवा समिति द्वारा 5 दिवसीय मां वेत्रवती उत्सव के तीसरे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिनकी आंखों में चमक, चेहरे पर दमक, मुस्कान से सजा उनका चेहरा है ने सबका मन मोह लिया। अध्यक्षता चौधरी निसार मालवीय ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवि संतोष सागर ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर शानदार संचालन किया। कवि शाहिद अली शाहिद, चांद खां चांद, हामिद सिरोंजी, उदय ढोली, संजय चतुर्वेदी, सत्येंद्र सत्यज, सोबरन सिंह, दीपक रघुवंशी, अनुज भार्गव सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विदिशा की सांस्कृतिक धरोहर और साहित्यिक समृद्धि को समर्पित इस आयोजन में पुष्पवर्षा, तालियों और फूलमालाओं से कवियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्थापक अध्यक्ष गोवर्धन सिंह साहू ने सभी अतिथियों एवं कवियों का आभार व्यक्त किया। समापन पर उपस्थित जनों ने गरमा गरम भजिए और हलवे का स्वाद लेते हुए आनंदमय माहौल का अनुभव किया। गोविंद देवलिया, माधो सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक अरुण कुमार सोनी रहे।

# तहसीलदार ने जबरदस्ती बीच खेत में से बना दिया रास्ता, कलेक्टर एसडीएम को दिए जांच के आदेश



**विदिशा।** किसान के खेत के बीच से निकाला रास्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पठारी तहसील के शहरवासा गांव में तहसीलदार ने एक किसान के खेत के बीच से जबरन रास्ता निकलवा दिया। जिसकी शिकायत किसान जहांगीर खान ने कलेक्टर से की है। तहसील पठारी के ग्राम शहरवासा के किसान जहांगीर खान ने अपनी दास्तान सुनाते हुए कहा कि पठारी तहसीलदार ने मेरी गैर मौजूदगी में मेरी पुश्तैनी जमीन में से जबरदस्ती बीच खेत में से रास्ता बना दिया है। जिसमें चना की फसल बोई हुई थी। उसे नष्ट कर दिया है। जहांगीर खान के पास मात्र एक बीघा ही जमीन है। पीड़ित जहांगीर खान ने आरोप लगाते हुए बताया कि भ्रष्टाचार के चलते तहसीलदार पठारी ने पुलिस के साथ बीच खेत में से रास्ता बना दिया है। एसडीएम मनीष जैन का कहना है कि गांव में जाकर जांच की जाएगी। ग्रामीणों से भी बात करेंगे।

### सिर्फ नौ दिन में ही पूरी कर दी कार्रवाई

पीड़ित जहांगीर खान ने बताया कि पठारी तहसीलदार ने पीड़ित का पक्ष जाने बिना उसके खेत में से रास्ता बना दिया है। पीड़ित ने बताया कि ग्राम शहरवासा निवासी तैयब खान, हलीम खान, अमीन खान, लल्लू खान, जफर खान और मकसूद खान आदि ने आवेदन देकर रास्ता मांगा था। जबकि इनके मकान के लिए गांव में से सरकारी पक्का दुरुस्त मार्ग आज भी है। तैयब खान ने 13 अक्टूबर को रास्ता मांगने के लिए आवेदन दिया। तहसीलदार ने 28 अक्टूबर का नोटिस जारी कर दिया। जिसे बाद में संशोधित करके 22 अक्टूबर कर दिया। पीड़ित को पक्ष रखने का मौका दिए बिना खेत में से रास्ता बना दिया है। तहसीलदार और थाना प्रभारी ने खड़े होकर रास्ता बनवाया। यह कार्रवाई महज 9 दिन में पूरी की।

## खातेगांव पहुंचकर विधायक ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक मुकेश टंडन ने खातेगांव पहुंचकर विधायक आशीष शर्मा की दिवंगत माताजी सुशीला देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। साथ ही शोक संतृप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, सीहोर विधायक सुदेश राय, सीहोर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

## प्रकाश पर्व पर हुआ लंगर का आयोजन



**विदिशा।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा गुरुनानक देव की जयंती (प्रकाश पर्व उत्सव) का आयोजन झूलेलाल मंदिर, सिंधी कॉलोनी डंडापुरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ के समापन (भोग साहिब), गुरुवाणी, शबद कीर्तन, आरती एवं अरदास के साथ हुआ। जिसे सनमुख दास ने संपन्न कराया। समाज पुरोहित पंडित राकेश शर्मा ने सत्संग एवं भजन कीर्तन प्रस्तुत किया। इसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दीवान मंगतानी, सहित चंद्र जोतवानी, मनोज पंजवानी भारतीय सिंधु सभा एवं महिला शाखा की अध्यक्ष जया लीलानी, अध्यक्ष दिनेश रामानी सहित समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं शामिल हुईं।

### कार्तिक पूर्णिमा पर महिलाओं ने मैया सतधारा को चढ़ाई चुनरी

**करारिया।** जिले की ग्राम पंचायत करारिया लश्करपुर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महिलाओं ने राम-जानकी मंदिर से चुनरी यात्रा निकाली। जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए सतधारा सहोदरा नदी के तट पर पहुंची। महिलाओं ने विधि विधान से नदी पर पूजा अर्चना की चुनरी चढ़ाई। पंडित आशीष कटारे ने आरती कराई। कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान करारिया सरपंच शशि जादौन ने गांव की महिलाओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त माना।

# कलेक्टर ने जांच कराई तो सिर्फ चार ओके, 22 पेट्रोल पंप में मिलीं कमियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को विदिशा जिले की भौगोलिक सीमाओं में संचालित सभी प्रकार के पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण राजस्व अधिकारियों से एक साथ कराया।

सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपने अपने कार्य क्षेत्रों में संचालित पेट्रोल पंपों पर प्रदाय बुनियादी सुविधाओं की भी मौके पर जांच की गई है और पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिसके अनुसार सिर्फ चार पेट्रोल पंपों में नियमानुसार तमाम प्रबंध ओके पाए गए हैं। शेष पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं को प्रदाय बुनियादी सुविधाओं में कमियां पाई गई है। उनमें शीघ्र सुधार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# कहीं जुड़े भावना के तार, तो कहीं करनी पड़ी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक बुधवार को एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, पंचायत कोर कमेटी सदस्य आर. कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन, अतुल शाह एवं पार्थ पीतलिया की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में प्राप्त सीनियर सिटीजन एवं पारिवारिक विवाद संबंधी प्रकरणों की सुनवाई कर समझाइश, समाधान एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। एक सीनियर सिटीजन ने बताया कि उनका पुत्र एवं पुत्रवधु घरेलू विवाद करते हैं, जिससे पारिवारिक वातावरण प्रभावित होता है। पंचायत द्वारा समझाइश दी गई कि परिवार की शांति व बच्चों के भविष्य के लिए विवादों से बचना आवश्यक है। दोनों पक्षों ने आगे झगड़ा न करने एवं बेटे को निःशुल्क नशामुक्ति केंद्र भेजने पर सहमति व्यक्त की। एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनके भाई-भतीजे झगड़ा व मारपीट करते हैं। पंचायत की मध्यस्थता में सभी पक्षों की सहमति से परिवार के दो मकानों में पांचों भाइयों का बराबर एक-पांचवां हिस्सा तय किया गया तथा आगे विवाद न करने का निर्णय लिया गया। एक सीनियर सिटीजन ने प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी से प्रोविडेंट फंड का भुगतान रुके होने की शिकायत की। पंचायत की पहल पर कंपनी के अधिकारियों से वार्ता कर सत्यापन प्रक्रिया शुरू कराई गई, जिससे अब आवेदक को उनका पीएमफ शीघ्र प्राप्त होगा।

एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी ने बताया कि उनका पुत्र लगातार परेशान करता है और पेंशन पर कब्जे का दबाव बना रहा है। सुनवाई के बाद प्रकरण में विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया गया एवं मारपीट एवं माता-पिता भरण पोषण अधिनियम की धारा 24 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। बैठक में अन्य प्रकरणों की भी सुनवाई की गई।



**विदिशा।** बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करते हुए एडिशनल एसपी श्री चौबे।

## सांई कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल में कार्यक्रम आज एसपी व मेडिकल कॉलेज के सुप्रिटेंडेंट होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुखर्जीनगर स्थित सांई कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंस कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य तिथि के रूप में विदिशा एसपी रोहित काशवानी, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ अभिनाष लाघवे मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम आज सुबह 10.30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहेगा। कॉलेज संचालक ने बताया कि इस दौरान छात्रों को एसी रोहित काशवानी और मेडिकल कॉलेज के सुप्रिटेंडेंट डॉक्टर अभिनाष का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### डीएपी खाद की रैक पहुंचने से मिली राहत



**गंजबासौदा।** रबी फसलों की बुवाई के बीच किसानों को बड़ी राहत मिली है। गत दिवस रेलवे स्टेशन पर डीएपी खाद की रैक पहुंची। लंबे इंतजार के बाद आई इस रैक से किसानों को जरूरी खाद समय पर मिल सकेगा। कृषि विभाग के अनुसार रैक में करीब 2650 मीट्रिक टन डीएपी खाद है। इसे क्षेत्र की विभिन्न कृषि सहकारी समितियों और सोसायटियों में भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार से ही खाद लोड कर वितरण के लिए भेजना शुरू कर दिया गया है। इससे पहले बाजार में डीएपी की कमी थी। किसान खुले बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर थे। समय पर डीएपी मिलने से रबी की बुवाई बिना रुकावट के हो सकेगी। किसानों का कहना है कि इससे फसलों की उत्पादन क्षमता पर भी अच्छा असर पड़ेगा। विगत दिनों आई यह रैक गंज बासौदा और आसपास के किसानों के लिए राहत लेकर आई है।

### बाल स्वयंसेवकों का निकला पथ संचलन



**गंजबासौदा।** बुधवार शाम के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के बाल स्वयंसेवकों ने नगर में पथ संचलन निकाला। यह संचलन मिल रोड स्थित पाठशाला ग्राउंड से शुरू हुआ। जो नगर के मुख्य मार्गों त्योंदा रोड, स्टेशन रोड से होते हुए वापस वापिस पाठशाला ग्राउंड पहुंचा। पथ संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छोटे-छोटे बच्चे पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। एक बच्चों की टोली ढोल-नगाड़ों के साथ उद्घोष करती हुई चल रही थी, जो आकर्षण का केंद्र रही। पथ संचलन के दौरान लोगों ने बच्चों की कदमताल की सराहना की। नगर में कई स्थानों पर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर इस पथ संचलन का स्वागत किया। यह पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इससे पहले, नगर में महिला स्वयंसेवकों ने भी पथ संचलन निकाला था। इसी क्रम में बुधवार को बाल स्वयंसेवकों ने भी कदमताल करते हुए यह संचलन निकाला।

### सड़क में उभरे गड्ढों से परेशानी

**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग पर सीसी सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिससे वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# बेटियों ने अपनी दिवंगत मां को मुखाग्नि देकर निभाया बेटे का फर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ एवं संस्थापक सदस्य दबंग नेता वर्ष 1994 में पार्षद रहे स्वर्गीय जयराज सिंह की धर्म पत्नी विद्यादेवी ने 86 वर्ष की उम्र पूर्ण कर अंतिम सांस ली। इनकी सात संतानों में सभी पुत्रियां ही हैं। इसलिए पुत्रों के सभी दायित्व इन्हीं पुत्रियों ने निभाए। स्वर्गीय जयराज सिंह ठाकुर अपने जीवन काल में नगर में सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता से एक जानी-मानी शख्सियत हुआ करते थे। उनके जाने के बाद परिवार के समस्त दायित्व और भरण पोषण की जिम्मेदारी इन्हीं बेटियों के कंधों पर आ गई है। जिसे इन्होंने यथासंभव एक जिम्मेदार पुत्र से बेहतर निभाकर शहर में अपना परिचय दिया। बेटियों की मां विद्या देवी करीब 8 वर्षों से बच्चों के समान बुद्धि के साथ अपने नित्य कर्म के लिए भी पूर्णतः अपनी बेटियों पर ही निर्भर थीं और उनकी बेटी मीना सिंह, शीला सिंह, सुमन सिंह, निशा सिंह, नीता सिंह, प्रीति सिंह और ज्योति सिंह ने भी एक मां की तरह अपनी अम्मा का भरपूर ख्याल रखना अपनी दिनचर्या में शामिल कर लिया था। मंगलवार को मां के निधन के बाद बुधवार को इन्हीं बेटियों में से नीता सिंह द्वारा अंतिम क्रिया और मुखाग्नि देकर बेटे समान अपना अंतिम कर्तव्य भी पूर्ण किया गया। जिन माता-पिता की बेटियां उनके प्रति इस भाव से अपने दायित्व का निर्वाह करने वाली हों तो संतान के रूप में सिर्फ पुत्रों के प्रति मोह व्यर्थ लगता है। इस बात की भी चर्चा रही कि भाजपा के ऐसे समर्पित ओर निष्ठावान वरिष्ठ कार्यकर्ता के परिवार की दुःख की घड़ी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति न्यूनतम रही। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों में समाज और पारिवारिक लोग ही थे।

### गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर 556 दीप प्रज्जवलित किए

# सिंधी के साथ सिख खत्री समाज ने धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





विगत 6 दिन से लगातार कटनी से पधारे संत सुनील भैया एवं साथी उदासी द्वारा त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी में प्रतिदिन कथा कीर्तन - आरती अरदास कर अपनी पवित्र वाणी से संगत को कृतार्थ किया। जयंती की पूर्व संध्या पर समाज के सदस्यों एवं महिला मंडल द्वारा 556 दीपक जलायें गये।

बुधवार को प्रातः 4:30 बजे एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई प्रभात फेरी जय स्तंभ से निकलकर नेहरू चौक होते हुए रेलवे स्टेशन से मील रोड से वापस सिंधी कॉलोनी पहुंची। प्रभात फेरी का जगह-जगह स्वागत किया गया। सिंधी कॉलोनी गुरुद्वारे में 11 बजे से कथा कीर्तन आयोजित किया गया। 1 बजे आरती अरदास कर 1:30 बजे लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया है। इसमें समाज के लोगों के अलावा जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, व्यापार महासंघ तथा अन्य आमंत्रित अतिथियों ने लंगर प्रसादी चखी। रात्रि 8:30 बजे मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें छोटे बच्चों के अलावा महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल ने भी बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस वर्ष पाठ साहब की सेवा स्वर्गीय रामदयाल तनवानी की पुण्य स्मृति में उनके परिजन मोहन लाल तनवानी,स्वर्गीय शत्रुघ्न तनवानी, पवन तनवानी परिवार के द्वारा आयोजित की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव, डॉ. विमल चंद ओसवाल, व्यापार महासंघ संरक्षक मनोज यादव सहित लालचंद वासवानी, हेमन दास मंगवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी ,नानक मामा, नरसिंह राय, बल्लू भैया, भागचंद वासवानी, कन्हैया लाल वासवानी, दिलीप मंगवानी ,मालक सिंह खेड़ा, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, किशोर उधाणी, दिलीप तनवानी, राकू कटारिया, श्याम वाधवानी, हशमत मामा, मनोज वासवानी, मूलचंद घिघानी, खेमचंद मेहता, प्रकाश वाधवानी, योगेश तनवानी, चेतन कटारिया, तरू खिलवानी, यश तनवानी, निखिल मलकानी, बेबू मेहता, दीपू गोपलानी, प्रेम तनवानी ,विनोद हुंदवानी, लताश माधवानी ,हर्ष तनवानी, प्रियांश घिघानी ,राकेश तनवानी, सोनू तनवानी ,विशाल तनवानी, मुरलीधर वाधवानी, दीपक घिघानी, बंटी लालवानी, राकेश तनवानी, पिंटू मेहता सहित नगर के कई श्रद्धालु उपस्थित थे। वहीं सिख खत्री समाज द्वारा भी सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व नगर में श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर सिख खत्री समाज द्वारा सिख गुरुद्वारा से गुरु ग्रंथ साहब का संकीर्तन के साथ चल समारोह निकाला। इसके बाद गुरूद्वारे में अन्य धार्मिक आयोजनों के बाद लंगर का आयोजन भी हुआ। जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, समाज जनों और श्रद्धालुओं ने शामिल होकर लंगर प्रसादी चखी।

## अजाक्स की बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को अजाक्स की बैठक पूर्वी रेलवे कालोनी शांति सदन में आयोजित की गई। जिसमें त्योंदा तहसील और बासौदा तहसील क्षेत्र के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजाक्स जिला अध्यक्ष एलआर अहिरवार रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला महासचिव टीआर अस्तोबिया, नटेरन ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, बौद्ध सोसायटी के ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र कुमार दिवाकर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बासौदा ब्लाक अध्यक्ष कैलाश बाबू अहिरवार द्वारा की गई। बैठक में त्योंदा तहसील और बासौदा तहसील अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें त्योंदा तहसील अध्यक्ष रमेश बाबू अहिरवार शिक्षक को और बासौदा तहसील अध्यक्ष सूर्यभान सिंह थानेश्वर को बनाया गया। बैठक में 15 नवंबर के आसपास होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई और सभी को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में भोपाल पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया तथा नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई दी गई। बैठक को लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, कैलाश बाबू अहिरवार, कमलसिंह जाटव, महेंद्र दिवाकर ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन तुलसी राम अस्तोबिया ने किया। कार्यक्रम में सुनील बरसेना, रामकिशन अहिरवार, अमरसिंह, रामसिंह, नवल सिंह, परमानंद अहिरवार, राजा, धनसिह सरपंच, रमेश कुमार, हृषिकांत सूर्या, कमलसिंह, एल आर अहिरवार, लक्ष्मण सिंह सूर्यवंशी, सूर्यभान सिंह आदि उपस्थित थे।

## मीणा समाज शक्ति संगठन मनाऐगा 17 वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मीणा समाज शक्ति संगठन मध्यप्रदेश अपने 17 वें स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 9 नवंबर रविवार को भोपाल स्थित गांधी भवन (पॉलिटेक्निक चौराहा) में करने जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें कर्मवीरों और प्रतिभाओं का सम्मान होगा। संगठन इस अवसर पर उन समाज के कर्मवीरों को सम्मानित करेगा। जिन्होंने छोटे उद्यमों या प्राइवेट सेक्टर में कार्य कर अपने परिवार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और समाज का नाम रोशन किया है। साथ ही कक्षा 10 वीं और 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी प्रतिभा सम्मान से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंद्र सिंह परमार, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक बाबूलाल झंडेल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) तीरथ सिंह मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष (शहर) रविंद्र यति, आईएएस व फिल्म कलाकार एचएस मीणा, आईआरएस अधिकारी प्रद्युम्न सिंह, सीएसपी सुरभि मीणा तथा कर निरीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप मीणा सहित समाज के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। मीणा समाज शक्ति संगठन उन सभी साथियों को भी सम्मानित करेगा जो इसकी स्थापना से लेकर अब तक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं और समाज सेवा के कार्यों में निरंतर योगदान दे रहे हैं। नए दायित्व और संगठन विस्तार की घोषणा भी होगी संगठन अब अपने कार्य का विस्तार करने जा रहा है। इस दौरान नए दायित्व भी सौंपे जाएंगे। संगठन ने सभी स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## लीजेंड्स कप में खेले गए तीन मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



लीजेंड्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए कड़ा संघर्ष किया और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दिन का पहला मुकाबला योगी जलवा और आफको इलेवन के बीच खेला गया।

निर्धारित 10 ओवर में आफको इलेवन ने 124 रन बनाए। इसमें सुरेंद्र ठाकुर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए प्रतियोगिता का अपना पहला अर्धशतक जड़ा। हिरेंद्र यादव और नीटू भाई ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी योगी जलवा की शुरुआत खराब रही और उनके मुख्य बल्लेबाज इमरान अली सस्ते में आउट हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज निशाल श्रीवास्तव ने तेजतर्रार बल्लेबाजी की। अंत में नितिन यादव ने भी अच्छी पारी खेलकर मैच को रोमांचक बनाए रखा, लेकिन योगी जलवा यह मैच नहीं जीत सकी। सुरेंद्र ठाकुर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला एंपीयर टाइगर और एमआई के बीच हुआ। एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 104 रन बनाए। गोपाल यादव और अप्पू अरोरा ने टीम के लिए अच्छी बल्लेबाजी की। 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एंपीयर टाइगर की टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन उनके दोनों सलामी बल्लेबाज जल्द ही आउट हो गए। इसके बाद राहुल यादव ने एक अच्छी पारी खेली, पर टीम को हार का सामना करना पड़ा। गोपाल यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला आर्यन और राइजिंग स्टार के बीच खेला गया। राइजिंग स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 104 रन बनाए। बृजेश सोलंकी, कयूम और आशीष श्रीवास्तव ने राइजिंग स्टार के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आर्यन की टीम की ओर से रेहान अली ने 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस मैच में शानदार गेंदबाजी के लिए समर सिंह राजपूत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## संभाग स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता में विदिशा जिले की टीम बनी उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश शासन के तत्वावधान में संभाग स्तरीय योग (महिला) प्रतियोगिता में जिले की योग (महिला) दल ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता का आयोजन सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के मार्गदर्शन मे किया गया था। इसके उपरांत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विदिशा जिले के दल का चयन किया गया एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु महाविद्यालय में सात दिवसीय स्पेसिफिक योग स्पोर्ट्स कोचिंग कैंप का आयोजन क्रीड़ाधिकारी डॉ. प्रदन्या कारन्दीकर के मार्गदर्शन में किया गया। जिला दल में सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय से सुहानी रघुवंशी, सेजल रघुवंशी, लक्ष्मी प्रजापति एवं शासकीय एसजीएस महाविद्यालय से आराधना विश्वकर्मा, दीप्ति दोहरे एवं पलक राजपूत ने संभाग स्तर पर आराधना विश्वकर्मा के नेतृत्व मे सहभागिता की। संभाग स्तर प्रतियोगिता 4 नवंबर को गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित की गई। जिसमें जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। संभाग स्तर की इस उपलब्धि के लिए एसजीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह, सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय से डॉ अनामिका प्रजापति एवं अभिषेक सिंह क्रीड़ाधिकारी द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की गईं।

### 69वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

69 वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 नवम्बर तक मंडीदीप में किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के इंदौर, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, उज्जैन, शहडोल, भोपाल , सागर, नर्वदापुरम संभाग सहित कुल 10 टीमों ने ने हिस्सा लिया। वहीं भोपाल संभाग की ओर से गंज बासौदा के वात्सल्य स्कूल के छात्र भव्यम पुत्र दीपेश जैन एवं आईपीएस स्कूल के छात्र आर्जव पुत्र नीलेश जैन राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर 14 बालक वर्ग में शामिल हुए। भोपाल संभाग की टीम का फाइनल मैच जबलपुर संभाग की टीम के साथ खेला गया था। जिसमें भोपाल टीम का नेतृत्व गंज बासौदा के छात्र भव्यम जैन द्वारा किया गया और मैच के दौरान जबलपुर संभाग की टीम को 2- 0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता से लौटने पर विजेताओं का स्वागत स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर किया गया। वहीं साथी छात्रों, मित्रों और शुभचिंतकों ने स्टेशन पहुंचकर बधाई दी।

### लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट



**गंज बासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी है। जिससे लोगों को अंधेरे के कारण परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है, जिससे रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी गलियों के किनारे खड़े रहते हैं और आने जाने वाले लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। वहीं इस मार्ग से होकर जाने वाले पैदल राहगीरों, वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत वार्डवासी कई बार नपा के विद्युत ठेकेदार से कर चुके हैं, लेकिन अभी लाइट चालू नहीं की गई है।

## बेतवा मैया की आरती उतारकर लगाए छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कार्तिक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा रिपटा घाट पर बुधवार को भगवान शिव का अभिषेक किया इसके बाद बेतवा की आरती उतार कर छप्पन भोग लगया। सुबह हल्की ठंड के बीच इस आयोजन में जहां श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा था वही एक माह से आयोजित हो रहे शिव अभिषेक और कार्तिक स्नान वेद मंत्रों के साथ पूर्ण हुआ।

इसके बाद ईदगाह रोड स्थित आश्रम में कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। ज्ञात हो कि बेतवा रिपटा घाट पर पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में एक माह तक लगातार भगवान शिव के अभिषेक के साथ कार्तिक स्नान का आयोजन चल रहा था। बुधवार को पूर्णिमा पर प्रात 5:30 बजे आयोजन में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने बेतवा में स्नान किया। इसके पश्चात घाट पर भगवान शिव का दरबार सजाया फिर अभिषेक प्रारंभ हुआ। वेद मंत्रों के साथ अभिषेक संपन्न होने के बाद बेतवा का पूजन अभिषेक किया गया। इसके बाद छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। आरती के पश्चात सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसादी का वितरण हुआ इसके साथ संपूर्ण आयोजन का समापन कर दिया गया। अब अगले वर्ष फिर कार्तिक माह में शिव अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से निरंतर चल रहा है। शरद पूर्णिमा के बाद से कार्तिक माह का स्नान शुरू हो गया था। कार्तिक के पूरे माह में पवित्र नदी में स्नान करने का प्रचलन रहा है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार कार्तिक माह में व्रत स्नान और दान का बहुत ही ज्यादा महत्व है। पंडित भागीरथ शास्त्री ने बताया कि इससे पाप का नाश होकर सुख शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। व्रती की हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। पंडित भागीरथ शास्त्री के अनुसार स्कंद पुराण में कार्तिक माह की महिमा का वर्णन है। कार्तिक के समान दूसरा कोई मास नहीं सत्ययुग के समान कोई युग नहीं वेद के समान कोई शास्त्र नहीं और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। कार्तिक मास में इंद्रियों पर संयम रखकर चांद-तारों की मौजूदगी में सूर्योदय से पूर्व ही पुण्य प्राप्ति के लिए स्नान नित्य किया जाता है। समापन अवसर पर पूरा अनुष्ठान संतोष महाराज, नरेंद्र महाराज, देवेंद्र महाराज, राजकरण महाराज, सोनू महाराज, गोलू महाराज आदित्य गुरु ने अभिषेक संपन्न कराया। आश्रम पर हवन के बाद पूर्ण आहुति फिर कन्या भोज का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### अल्प प्रवास पर सिरोंज आई भाजपा प्रदेश मंत्री राजो का किया स्वागत

**सिरोंज।** भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय बुधवार को अल्प प्रवास पर सिरोंज पहुची। वही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट एवं जनपद सदस्य पंडित प्रशांत पालीवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं साथ अपने निज निवास पर भाजपा प्रदेश मंत्री राजो मालवीय भव्य स्वागत किया।

### नवोत्थान पथ संचलन का आयोजन आज

**सिरोंज।** राष्ट्र सेविका समिति सिरोंज नगर द्वारा विजया दशमी स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज पथ संचलन निकाला जाएगा। पथ संचलन स्थानीय सरस्वती शिशु मन्दिर लिंक रोड विद्यालय से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर पुनः लिंक रोड विद्यालय पर ही पहुंचेगा। स्त्री राष्ट्र की आधार शिला है इस धेय्य को लेकर राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं के मध्य कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा महिला संगठन है और महिलाओं के मध्य चरित्र निर्माण, स्वाबलंबन व साहस के साथ ही स्वधर्म, स्वदेश के प्रति श्रद्धा व समर्पण के भावों के जागरण का उद्देश्य आगे रखते हुए इस संचलन का नाम नवोत्थान तय किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शासकीय शिक्षिका श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव तथा मुख्य वक्ता के रूप में विदिशा विभाग सह कार्यवाहिका श्रीमती रश्मि ताम्रकार शामिल होगी। जानकारी नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान के द्वारा दी गई।

**सागर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ, 51 दिन चलेगा खेलों का महाकुंभ**

# प्रतिभाओं को अपना टैलेंट दिखाने का मौका है ये प्रतियोगिता : मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



सागर जिला मुख्यालय पर मंगलवार, 5 नवंबर को सागर संसदीय क्षेत्र का सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। लगभग डेढ़ माह तक चलने वाले इस महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को होगा। खेलों के प्रति ग्रामीण और शहरी युवाओं में उत्साह और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस सांसद खेल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्तासंरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि देश में होनहार बच्चों की कमी नहीं है केवल उन्हें मंच देने की आवश्यकता है ताकि वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस प्रतियोगिता के माध्यम से शुरू किया गया है और देश के गांव-गांव के प्रतिभावान बच्चों को खेल का मंच उपलब्ध कराने के लिए देश भर में सांसद खेल प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं जिनके माध्यम से पहले गांव फिर ब्लॉक और ब्लॉक के बाद जिला और जिला के बाद लोकसभा स्तर पर होनहार खिलाड़ियों का चयन किया जा सके ठीक है उन्होंने हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी क्रांति गौड की चर्चा करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार की बच्ची अपने प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उसे सम्मान स्वरूप एक करोड़ की राशि दी है लेकिन यह राशि नहीं बच्ची का सम्मान है और दूसरे बच्चों को सीख है कि वह ऐसा खेले कि अपने गांव शहर और प्रदेश का ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करें।

सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए सागर सांसद डॉ लता गुड्डू वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और खेल मंत्री मनडाविया का प्रयास है कि गांव की मिट्टी में खेलने वाला बच्चा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना और पूरे देश का नाम रोशन करें इसलिए ऐसी बच्चों को मंच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सांसद खेल प्रतियोगिताओं का देश भर में आयोजन कराया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों में ऊर्जा और खेल भावना के प्रति उत्साह का संचार हो उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने आए समस्त खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार जीत उतना मायने नहीं रखती जितना की खिलाड़ी का खेल खेलना रखता है इसलिए उन्होंने समस्त खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना के साथ खेलने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता 25 दिसंबर तक चलेगी और इसमें गांव-गांव से खिलाड़ी चुनकर पहले पंचायत स्तर पर फिर ब्लॉक स्तर पर फिर विधानसभा स्तर पर और उसके बाद लोकसभा स्तर पर भाग लेंगे उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ है और अब यह प्रतियोगिताएं विधानसभा स्तर पर माननीय विधायकों के नेतृत्व में चलती रहेगी और 25 दिसंबर को इसका समापन होगा।

# कार्तिक पूर्णिमा पर तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में लगा मेला, बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कार्तिक पूर्णिमा पर बावा विश्वनाथ धाम की नगरी तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में भी श्रध्दालुओं की भारी भीड़ देखनें को मिली। यहां पर श्रध्दालुओं ने तीर्थ कुडों में दीपदान भी किया। इसके पश्चात बावा विश्वनाथ के दर्शन किए। मेला परिषर में अधिक भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन एवं समिति सदस्यों ने पूरी तरह व्यवस्थाएं संभाली। श्रध्दालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिए कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराए। इसके अलावा पुलिस बल ने छोटे-बड़े वाहनों को गेट पर अस्थाई व्यवस्था कर पार्किंग करवाई। वही मेला परिषर में भी विभिन्न दुकानें सजाई गई। मेले में नाव झूला,बड़ा झूला एवं बच्चों के लिए मिनी झूले भी लगाए गए थे।

**करीला में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब-** कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मां जानकी धाम करीला में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में दिनभर हजारों श्रध्दालुओं ने करीला मंदिर पहुंचकर मां जानकी के दर्शन किए। मंदिर में मंगलवार शाम से ही श्रध्दालुओं का पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जोकि देर रात तक जारी रहा। तो वही अधिक भीड़ के चलते श्रध्दालुओं को दर्शन करने के लिए घंटो तक लंबी कतार में लगना पड़ा। तब कहीं जाकर मैया जानकी के दर्शन कर सके। मंदिर परिषर में नारियल अगरबत्ती के बैन होने पर श्रध्दालुओं ने परिषर से बाहर नारियल फोड़े। ठंड के मौसम में भोर होने से पहले ही हजारों की संख्या में श्रध्दालुओं ने नंगे पैदल ही मंदिर की दूरी को तय किया। मेले में जल यात्रा व चुनरी यात्रा भी पहुंची साथ ही कई जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया। तो वही मैया जानकी के दरबार में पहुंचे श्रध्दालुओं ने मैया से मनौती मांगी और जिनकी मनोकामना पूरी हुई उन्होने बधाई कराई।

**सुबह नगर कीर्तन के बाद दोपहर में हुआ लंगर का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी**

# गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाई गई गुरुनानक जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

बधुवार को प्रकाश पर्व के रूप में गुरु नानक देव जी की जयंती सिरोंज में सिंधी समाज द्वारा उत्साह एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। गुरू नानक जयंती के अवसर पर गुरूद्धारे में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वही नगर कीर्तन स्थानीय गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर सिनेमा चौराहा, चांदनी चौक, कपड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, कठाली बाजार, कस्टम पथ से होता हुआ गुरुद्वारा पर समापन हुआ। नगर कीर्तन में श्री गुरुनानक देव जी के चित्र को आकर्षक रूप से सजे रथ में विराजित



किया गया था। वही श्रद्धालु नगर कीर्तन करते हुए चल रहे थे। नगर के राव जी पथ स्थित गुरुद्वारे में 3 दिन से नगर कीर्तन के आयोजन के साथ अखंड गुरु ग्रंथ साहिब पाठ साहब का समापन हुआ। इसके बाद गुरुद्वारे में अरदास होने के बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर कार्यक्रम में विशेष रूप से रमेश बजेला,सत्य नारायण वासवानी, प्रकाश लोकवानी,बब्लू लालवानी,अजीत हिमथानी,कमल खायनी,कमल सुनेजा,चिमया हिरानी,ओम बलेजा सहित बडी संख्या में सिंधी समाजजन मौजूद रहें।

# महाविद्यालय में तीन दिवसीय मध्य प्रदेश स्थापना दिवस संपन्न

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में 1 नवंबर से 3 नवंबर तक मध्य प्रदेश स्थापना दिवस संपन्न हो गया है। इस उपलक्ष्य में तीन दिवस तक महाविद्यालय रोशनी से जगमगाता रहा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कल्पना पंचोली के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताए सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम का प्रारंभ 1 नवंबर को महाविद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश गान का सामूहिक रूप से गायन करके किया गया।



इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कान्हा यादव,द्वितीय स्थान शीतल नगीना एवं तृतीय स्थान सुमन जाटव ने प्राप्त किया। 2 नवंबर को भी स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक सन्दर्भ में विचार प्रस्तुत किए गए। इसी श्रृंखला में 3 नवंबर को सम्पन्न हुई निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा नामदेव,द्वितीय स्थान रिषिता साहू एवं तृतीय स्थान निधि साहू ने प्राप्त किया। मध्य प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदित शर्मा, द्वितीय स्थान निशा नामदेव तथा तृतीय स्थान वैष्णवी बघेल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय की साफ-सफाई की गई। वही सभी कार्यक्रमों में महाविद्यालयीन स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

इसमें प्रो. एस आर तिवारी,प्रो. अनामिका ठाकुर,डॉ चमका गेहलोद,डॉ सोनिया पटेल,डॉ समृथ निनामा,डॉ रूबी ताम्रकार,प्रो. निधि मसीह,डॉ पूजा मिश्रा,डॉ विभा श्रीवास्तव,प्रो.महेश परमार, प्रो. हैदर रजा ने उल्लेखनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिषेक चौहान तथा डॉ सैय्यद उरूज़ अहमद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संपूर्ण स्टाफ एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वास्थ्य और महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक

## गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों का होगा सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

सिविल अस्पताल के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास की बैठक परियोजना अधिकारी श्रीमती जुलेखा खान एवं बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव की विशेष उपस्थिति में हुई। बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों की पहचान और एनीमिया सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के सर्वे पर प्रगति पर चर्चा हुई।

बैठक में डॉक्टर हेमंत यादव और महिला बाल विकास अधिकारी जुलेखा खान ने टीमों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम वार्ड में घर-घर जाकर वास्तविक सर्वे आंकड़े एकत्रित किए जाएं। ताकि जरूरतमंदों को समय पर उपचार और पोषण सहायता मिल सके।

चिन्हित गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और कुपोषित बच्चों की निगरानी के लिए आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग की टीम समनव्यय से कार्य करेंगे संयुक्त बैठक में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास सुपर वाइजर और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



# कार्तिक पूर्णिमाः नर्मदा तटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

◆ हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा मैया में लगाई पुण्य की डुबकी

◆ मां नर्मदा के तटों पर पूजन कर श्रद्धालुओं ने किया दीप दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कार्तिक माह का सनातन धर्म संस्कृति में अलग ही महत्व है। इस माह में महिलाओं द्वारा सुबह स्नान के साथ प्रतिदिन भगवान की विशेष पूजन और प्रार्थना की जाती है। जिसका कार्तिक पूर्णिमा पर विशेष पूजन के साथ समापन महिलाओं द्वारा किया जाता है।

प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा पर स्थानीय के साथ बाहर से आए श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा मैया में पुण्य की डुबकी लगाने की प्राचीन परंपरा आज भी जीवंत बनी हुई है।

**कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु**

कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान करने के लिए देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटों पर सुबह से भारी भीड़ का नजारा बना रहा। नर्मदा तट पतई, शोकलपुर, रमपुरा, बोरास, केतोघान, अलीगंज, मांगरोल पुल घाट, बगलवाडा, घाट पिपरिया, डूमर, कुब्जा संगम, मोतलसिर, गौरा मछवाई, भारकछ कला, मदागन घाट, नर्मदा तटों पर हजारों धार्मिक श्रद्धालु नर नारियों की अलसुबह से दोपहर तक भारी भीड़ बनी रही।

### स्नान व दान की परंपरा

कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के बाद दान किए जाने की परंपरा है नर्मदा तटों के साथ मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा रुपए, अन्य, फल, वस्त्र इत्यादि का दान किया जाता रहा श्रद्धालुओं को खिचड़ी की प्रसादी का वितरण और गरीबों को वस्त्र दान भी किए जाते रहे।

# क्षेत्र के नदी नालों और बारना नदी के किनारे लाखों ईंटों का निर्माण

## बारिश में मिट्टी का कटाव और जल भराव की बनती समस्या

◆ ईंट निर्माण से बदल रहा नदी एवं नालों का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बाड़ी और बरेली तहसीलों के ग्रामीण नदी नालों के किनारे बारिश समाप्त होने के बाद ईंटों का निर्माण और पूर्व से लगे लाखों ईंटों के भट्टों से विक्रय का धंधा शुरू हो गया है कुभार, प्रजापति जाति के लिए ईट निर्माण की कुछ छूट है परंतु उनके नाम पर लाखों ईंटों के निर्माण के भारी मुनाफा वाले व्यवसाय में प्रभावशाली संपन्न लोग भारी मुनाफा कमाते नजर आ रहे हैं। मनचाहे स्थान पर ईंटों का निर्माण और ईंट भट्टों से निकलने वाला धुआं पर्यावरण के साथ नदी नालों के किनारे भूमि कटाव जल भराव का कारण भी बन रहा है।

### बिना रॉयल्टी ईंटों का निर्माण विक्रय

बाड़ी बरेली तहसीलों के ग्रामीण क्षेत्र में बहने वाले नदी नालों के साथ बारना, घोघरा, इक्यावन, तेंदोनी नदियों के किनारे मनचाहे स्थान पर प्रतिवर्ष लाखों ईंटों का निर्माण और विक्रय हो रहा है। खनिज राजस्व विभाग द्वारा ईंटों के निर्माण की अनुमति और रॉयल्टी की वसूली की जाती है। अधिकांश क्षेत्र सिंघोरी अभ्यारण के अंतर्गत आता है, जंगल के किनारे नदी नालों से लगकर पहले ईंटों का निर्माण होने पकाने में लकड़ी, कांडा और पुराने टायरों का भी ईंट निर्माण कर्ताओं द्वारा उपयोग किया जाता है। ग्राम धनाश्री के पास पुराने हाईवे और फोर लेन बारना नदी के किनारे लाखों ईंटों का निर्माण और लगे ईंट भट्टे खनिज राजस्व वन विभाग को क्यों दिखलाई नहीं देती यक्ष प्रश्न बना हुआ है।



ईंटों के अवैध निर्माण के लिए दूर दराज की सुनसान स्थान का चयन किया जाता है जिससे बिना रॉयल्टी का अवैध कारोबार पर किसी की नजर ना पड़े।

# प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का मिले लाभ : राज्यमंत्री पटेल

## राज्यमंत्री पटेल ने शिवाजी सेवा सदन में लगाया जनता दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

शिवाजी सेवा सदन में विधायक राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्यमंत्री पटेल पूर्व में रविवार को जनता दरबार लगाते थे अब सोमवार को शिवाजी सेवा सदन में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनने और कार्यकर्ताओं से भेंट करने आ रहे हैं। राज्यमंत्री पटेल ने किसान सभा कक्ष में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सही कार्य उनका कार्य मानकर तत्परता से करने के निर्देश दिए।




**जनसेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**

तहसील स्थित किसान भवन में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक मेंअधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति जनकल्याण कार्यक्रमों के क्रियान्वन एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राही को तय समय में पहुंचे इसके आवश्यक निर्देश दिए कहा कि जन सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। और विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों होना जरूरी है।

**क्षेत्र में विभिन्न खेलों की प्रतिभाओं को अभ्यास मार्गदर्शन की कमी**

# 12 वर्ष बाद भी स्टेडियम निर्माण का कार्य अधर में

◆ हॉकी मैदान हुआ दुर्दशा का शिकार, सांसद खेल प्रतियोगिताओं का कैसे होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

दशकों से बरेली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। शासकीय बालक हाई सेकेंडरी का खेल मैदान जिसे हॉकी दशहरा मैदान कहा जाता है। दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। बड़ी-बड़ी सभाएं मेला पटाखे की दुकान हॉकी मैदान में होती रहती हैं हॉकी मैदान में 2 मंच बने हुए हैं, परंतु मैदान मिट्टी का और पानी निकासी की माकूल व्यवस्था न होने से जब भी बारिश होती है मैदान में पानी भर जाने कीचड़ हो जाने से बदहाल हो जाता है।

नगर एवं क्षेत्र में विभिन्न खेलों की छात्र युवा प्रतिभाएं अपने बलबूते अभ्यास और तैयारी करते हैं। नियमित अभ्यास के लिए सुविधा पूर्ण खेल मैदान प्रशिक्षक ना होने से खेलों का तकनीकी ज्ञान और खेलों में निखार का अवसर नहीं मिल पाता है।

दशकों से बरेली हॉकी की अखिल भारतीय इनामी प्रतियोगिता प्रतिवर्ष इनामी क्रिकेट प्रतियोगिता होती है। फुटबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, कबड्डी, कुश्ती जैसे खेलों की नगर एवं क्षेत्र में प्रतिभाएं हैं। हाल ही में हैंडबॉल की संभाग स्तरीय टीम में नगर के छात्र खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नगर एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

### 12 साल बाद भी घोषणा अधूरी

2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बरेली में स्टेडियम निर्माण की घोषणा की थी वर्षों तक भूमि आवंटन में निर्माण रुका रहा तीन-चार वर्षो पूर्व कॉलेज की 6 एकड़ भूमि का स्टेडियम के लिए आवंटन भी हो चुका है। इसके बाद भी स्टेडियम निर्माण से संबंधित फाइल न जाने कहां दबी हुई है। पिछले दिनों सांसद दर्शन सिंह की उपस्थिति में सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजन की बैठक हुई सांसद खेल प्रतियोगिता कहां और कब प्रारंभ होगी अनिश्चितता बनी हुई है।

### प्रशिक्षण के लिए नहीं कोच

12 वर्षों से स्टेडियम निर्माण की घोषणा क्यों अधूरी बनी हुई है यह जांच का विषय बन गया है। छात्र युवा खिलाड़ियों का बारहमासी खेल मैदान में अभ्यास की सुविधा नहीं मिल रही है ना ही सुविधा पूर्ण स्थिति में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो पा रहा है। कॉलेज और स्कूलों में खेलों के प्रशिक्षक न होने के बाद भी खेल प्रतिभाएं अपने दमखंभ पर खेलों की तैयारी अभ्यास करते रहते हैं।

जनसुनवाई में ब्लॉक स्तर पर समस्याओं को सुलझाने में अफसर नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

# जनसुनवाई की विडंबना : 70-80 किमी दूर से जिला मुख्यालय आकर करनी पड़ रही फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जहां एक तरफ प्रदेश की डॉ मोहन सरकार के निर्देश पर हर एक जिले के कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में परेशान लोग अपनी आवेदन देकर फरियाद करते हैं। कलेक्टर जनसुनवाई में लोगों की अर्जी लेकर उलझे मामलों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी के पास आवेदन भिजवा देते हैं।

इतना ही नहीं जनसुनवाई को कारगर और बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा खुद रूचि लेते हुए अब तहसील मुख्यालय पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम हर एक मंगलवार को तहसील में दरबार लगाकर जनता की सुनवाई करते हुए हल कर रहे हैं। इस अभिनव प्रयोग का असर भी होने लगा है। इस जनसुनवाई की नई व्यवस्था से लोग खुश नजर आने लगे हैं।

जिले के उदयपुरा, गौहरगंज, बाड़ी बरेली देवरी और सुल्तानगंज बेगमगंज सिलवानी में अधिकारियों की नियुक्ति इस उद्देश्य में गई है कि लोगों की समस्या स्थानीय स्तर पर सुलझा दें। हालांकि ऐसा न होने पर जिले की तहसील कस्बों से वाहनों से 110 किलोमीटर 120 किलोमीटर 90 किलोमीटर और 80 किलोमीटर 120 किलोमीटर दूरी का सफर तय कर कर लोगों को अपनी फरियाद लेकर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट कार्यालय आना पड़ रहा है।

### आवेदकों की संख्या

- 2 सितंबर को 176 आवेदक
- 9 सितंबर को 171 आवेदक
- 16 सितंबर को 185 आवेदक
- 24 सितंबर को 192 आवेदक
- 14 अक्टूबर को 127 आवेदक
- 28 अक्टूबर को 127 आवेदक

### आयोजित जनसुनवाई में नहीं हो रही आमजनों की सुनवाई




### जनसुनवाई में कई अधिकारियों की रुसवाई

जनसुनवाई कार्यक्रम से जिम्मेदार अधिकारी हर हफ्ते मंगलवार को रुसवाई करते नजर आते हैं मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम से कई अधिकारी नदारत रहे। सामने कुर्सी पर बैठकर अधिकारी और कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा आवेदन लेकर उनकी सुनवाई करते नजर आए। जनसुनवाई कार्यक्रम में पीयू के अधिकारी अरविंद पाठक ,आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त दीपक अवस्थी, जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक, पीडब्ल्यूडी ईई वीके के सूत्र कारक ,उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं अधिकारी आरके शुक्ला, आरईएस के अधिकारी शरद तंतुवाय किसी उपज मंडी से उप पंजीयक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी गैर हाजिर रहे।

### कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं

*कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में फरियादियों को घंटों बाहर खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है। बारिश या सर्दी, फिर धूप होने पर उन्हें काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ता है।*

### कई लोग बैरंग लौट जाते हैं

जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों को आवेदन देकर अपनी फरियाद सुनाना पड़ रही है । उनकी समस्या का समाधान हो यह कोई गारंटी की बात नहीं है। उन्हें आर्थिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है साथ ही जेब खर्च भी उठाना पड़ता है। हर हफ्ते जनसुनवाई में काफी आवेदन लोगों की समस्याओं के आते हैं। कलेक्टर की मौजूदगी में लोगों की फरियाद सुनी जाती है वहीं सरकारी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहते हैं या उनके प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। जिले के तहसील कस्बों और ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग आवेदन लेकर अपनी समस्याएं सुनाते हैं। कई लोग हाथों में अर्जी थाम कर भटकते भी रहते हैं।

### जनसुनवाई में आ रहे हर तरह के मामले

*जनसुनवाई में राशन कार्ड बनाने, फसल मुआवजा, सहायता राशि न मिलने, स्वास्थ्य, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, जमीन का नामांतरण, सीमांकन करने, रास्ता खुलवाने, जमीनों से अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने, नामांतरण दर्ज करने, विद्युत प्रदाय करने तथा विद्युत पोल लगाने, आर्थिक सहायता दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, खस्ताहाल सड़क सहित अन्य मामले आ रहे हैं।*

### अधिकारी तत्परता दिखाएं

*जनसुनवाई में लोगों की शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर होना चाहिए। इसके लिए जरूरी यह है कि अधिकारी क्षेत्र में तत्परता दिखाएं और लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण करें*

### इनका कहना है

जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदनों की बैठक में समीक्षा भी की जाती है। स्थानीय स्तर पर भी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र की समस्याओं के आवेदन का तत्काल निराकरण कराएं। कोई दिक्कत आती है तो मुझसे बातचीत कर सकते हैं।

-**अरुण कुमार विश्वकर्मा** कलेक्टर रायसेन

परिवार के साथ खड़े रहने की कही बात

# रमादेवी को श्रद्धांजलि देने बैरागी निवास पर पहुंचे जयवर्धन सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर की प्रतिष्ठित परिवार की प्रतिष्ठ सदस्य स्व. रमादेवी बैरागी के निवास पर राघौगढ़ के विधायक प्रदेश के मंत्री जयवर्धन सिंह छोटे राजा साहब बाड़ी स्थित बैरागी निवास पर पहुंचे और स्व. रमादेवी बैरागी के चित्र पुष्प अर्पण कर हृदय से उनके समाजिक राजनीतिक जीवन पर चर्चा पर परिचर्चा हुई बैरागी परिवार लंबे समय से कांग्रेस का निष्ठावान परिवार रहा है। स्व. रमादेवी बैरागी के देवर प्रथम स्थापना अध्यक्ष रहे उनके पुत्र जागेश्वर बैरागी नगर पंचायत के 10 साल अध्यक्ष रहे।

जयवर्धन सिंह ने बैरागी से लंबी चर्चा की और दुख के समय में आए संकट पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। पूर्व में कांग्रेस सरकार में मत्री जयवर्धन सिंह नगर पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पधारे थे उस समय नगर पंचायत अध्यक्ष जागेश्वर बैरागी थे।

### लोगों से की चर्चा

जयवर्धन सिंह ने परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर कांग्रेस परिवार के लोगों की लंबे समय तक चर्चा की, बैरागी भवन में उपस्थित लोगों से भी हाल-चाल जाने और वह उनसे एक पारिवारिक सदस्य के रूप मिले। बैरागी भवन पर पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर बरागी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष इरफान दुर्रानी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष होशियार सिंह ठाकुर, पार्षद दीपक तेकाम, शेख मुजीब, राहुल ठाकुर, रिजवान मंसूरी, साहिल मंसूरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# खेत की मेड़ पर खंभे लगाने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, चलीं तलवार-कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम सिलपुरी में खेत की मेड़ पर खंभे लगाने पर विवाद हो गया। विवाद ने संघर्ष का रूप ले लिया, जिसमें तलवार, कुल्हाड़ी जमकर चली। विवाद में करीब 5 लोग घायल हो गए।

ग्राम सिलपुरी में एक पक्ष विश्वकर्मा परिवार के लोगों ने खेत की मेड़ पर खंभे गाड़ दिए थे। बुधवार को जब दूसरे पक्ष शर्मा परिवार के लोगों ने मेड़ से खंभों को हटाने के लिए कहा गया, उन पर पहले से घात लगाए बैठे आरोपी मुन्ना, द्वारका, अनिल और महेश ने तलवार, कुल्हाड़ी एवं डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनके सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### हमले में ये लोग हुए घायल

इस प्राण घातक हमले में परशुराम शर्मा, रामबाबू शर्मा, हरिओम शर्मा, रामेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा और राहुल शर्मा घायल हुए हैं। सभी के सिर और हाथों में गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को जिला अस्पताल रायसेन में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

थाना कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि सिलपुरी में दो परिवारों के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ था। घायलों से पूछताछ की जा रही है एवं आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है।

भाजपा कार्यकर्ता पर प्रकरण दर्ज होने से गुस्साए कार्यकर्ता

# भाजपाईयों ने थाने का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



भाजपा कार्यकर्ता व नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोनू मतांबर तथा उसके भाई कालू मतांबर के खिलाफ नगर परिषद कर्मचारी (दरोगा) माया चंदेल के आवेदन पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। दोनों कार्यकताओं पर प्रकरण दर्ज होने से भाजपा कार्यकर्ता आक्रोषित हो गए। माया चंदेल द्वारा उक्त भाजपा कार्यकताओं पर गाली गलौंच करने के आरोप लगाए थे।

बुधवार को आक्रोषित भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस प्रकरण का विरोध करते हुए थाने का घेराव किया तथा स्टेट हाईवे 44 पर थाना तिराहे पर बैठ गए, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई। मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। भाजपा कार्यकताओं के पास पहुंचे तहसीलदार सुधीर शुक्ला ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे। कार्यकर्ताओं की मांग है कि टीआई को तत्काल हटाया जावे। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात पूर्ण कार्रवाही करने के आरोप लगाए।

### एसडीएम की भी नहीं माने कार्यकर्ता

मौके पर पहुंचे एसडीएम हर्षल चौधरी ने कार्यकर्ताओं को जांच का आश्वासन दिया, लेकिन कार्यकर्ता तत्काल ही कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मौके पर बम्होरी, सुल्तानगंज तथा सिलवानी थाने का पुलिस बल मौजूद रहा। चक्काजाम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, सलीम काजी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, मोनू मतांबर, कालू मतांबर,पार्षद प्रदीप कुशवाहा, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा,पुनीत समैया, दिनेश यादव, गुडडु कंडेक्टर, मिलन जैन, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक व व्यापारी भी शामिल रहे।

### जांच की जाएगी

कार्यकर्ताओं नें 3 आवेदन दिए है, जिन पर जांच दल बना जांच उपरांत दोषियों के खिलाफ कार्रवाही की जाएगी।

- **हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिलवानी।

# कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक की परीक्षाएं चल रही है। जिसमें कक्षा 9वीं और कक्षा 10वीं की प्रथम पाली 10 बजे से 1 बजे तक एवं कक्षा 11वीं और 12वीं की द्वितीय पाली 1:30 से 4:30 तक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं।

अर्द्धवार्षिक की परीक्षाओं 3 नवंबर से चल रही है, जो कि 13 नवंबर को संपन्न होगी। विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के उपरांत अगले दिन के पेपर की तैयारी के लिए कक्षा का संचालन किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी जिनकी परीक्षा दोपहर बाद है उन्हें दोपहर पूर्व परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी और पहली पाली की परीक्षा के बाद दूसरी पाली में अगले पेपर की तैयारी कराई जाएगी।



### नर्मदा परिक्रमा वासी राजू महाराज का किया हार व फूलों से स्वागत, सम्मान के बाद किया रवाना

**हरिभूमि न्यूज, रायसेन।** शहर के श्रीरामपुर कॉलोनी वार्ड 4 निवासी आचार्य राजू महाराज बुधवार को नर्मदा मैय्या की परिक्रमा करने पिंड भरते हुए रवाना हुए। इसके पूर्व समाजसेवी अनिल अन्नू श्रीवास्तव अधिवक्ता पवन चौबे, अशोक सोनी, शेर सिंह राजपूत, उदय राय, सुनील साहू, शैलेंद्र सक्सेना, श्रीवास्तव मुंशी जी, बबलू श्रीवास्तव, रूपेन्द्र बन्टू श्रीवास्तव संजीव शर्मा, अशोक कुशवाहा आदि ने हार फ़ूलों से जोरदार स्वागत कर उन्हें रवाना किया।

# शारिक मछली गैंग से जुड़े फार्म हाउस से 10 लाख की अवैध सागौन की जब्त

**वन विभाग की कार्रवाई :** गड्ढों में छुपा कर रखी थी सागौन की लकड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के बेगमगंज में वन विभाग ने बुधवार को भोपाल की शारिक मछली गैंग से जुड़े एक फार्म हाउस पर छापामार की बड़ी कार्रवाई की। टीम ने यहां से करीब 10 लाख रुपए कीमत की अवैध सागौन लकड़ी जब्त की। यह बेगमगंज वन विभाग के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। छापामार कार्रवाई सुबह 10 बजे शुरू हुई और जो दोपहर 3 बजे तक चली।

रेंजर ने डीएफओ प्रतिभा शुक्ला और एसडीओ सुधीर पटले को सूचना दी। इसके बाद सर्च वारंट जारी कर पुलिस के साथ फार्म हाउस पर छापा मारा गया।

### गड्ढों में छुपा के रखी थी सागौन लकड़ी

सूत्रों के अनुसार, बेशकीमती सागौन की सिल्लियों और लकड़ी को फार्म हाउस और खेतों में गड्ढे खोदकर छुपाकर रखी गई थी। वन रेंजर अरविंद अहिरवार को इसकी जानकारी मुखबिर से मिली थी। उन्होंने 3 दिन तक साइकिल से इलाके में घूमकर खुद जांच की और रात में जाकर मौके की पुष्टि की।

# विधायक डॉ. चौधरी के गृह ग्राम पहुंचे उपमुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री

## स्व. माताजी को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजस्व मंत्री करन सिंह वर्मा ने विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के गृह ग्राम बेरखेड़ी में पहुंचकर डॉ चौधरी की स्वर्गीय माताजी के चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने विधायक डॉ चौधरी तथा परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी, बहन मीरा अहिरवार, आरआर अहिरवार, पुत्र पर्व चौधरी, रौनक चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता शेर सिंह यादव दाऊ मौजूद रहे।

धान की पराली से बनेगी सीएनजी, किसानों को मिलेगी प्रदूषण से मुक्ति

# अच्छी पहल : अब रतनपुर में बन रहा पेडी प्रोजेक्ट

◆ जागरुकता अभियान में सहयोग करेगी निजी संस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



किसानों के खेतों की धान फसल कटाई के बाद पराली प्याल को ठिकाने लगाने अर्थात जलाने से उठने वाले जहरीले धुंआ के पर्यावरण में फैलने वाले प्रदूषण से निश्चित रूप से मुक्ति मिलेगी। जागरूकता जब किसानों तक पहुंची तो उन्होंने इसका काफी हद तक अनुसरण भी किया है।

जिले में धान की पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान पराली प्रबंधन में मुक्त सहयोग करेगी निजी संस्था। जिले में पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कलेक्टर के निर्देश पर खेतों में धान की पराली नरवाई जलाने के लिए किसानों को जागरूक करने यह अभियान चलाया जा रहा है। मिनी पंजाब कहे जाने वाले धान उत्पादन के मामले मे पैमत सर्किल में धान की खेतों में पराली प्याल से रोलर रैकर मशीन, बेलर मशीन से पराली से बंडल बनाए जाते हैं।

सोया चौपाल सागर विदिशा अधिकारी, पवन शर्मा ने बताया कि रतनपुर में बायो प्लांट बना रहे हैं। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एसपी पंकज पांडे इस पराली प्रबंधन तकनीक कार्य को अल्ली बनगवां के खेतो में पराली से बंडल बनाने की प्रक्रिया को नजदीक से देख चुके हैं।

### कलेक्टर ने बेल बनाने की प्रक्रिया का लिया जायजा

कलेक्टर ने बेलर मशीनयुक्त ट्रैक्टर पर बैठकर धान बेल बनाने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने किसानों को जागरूकता का संकल्प भी दिलाया है। आरटीसी विदिशा सागर चौपाल द्वारा कृषि अभियांत्रिकीय से मशीनें किराए पर ली हैं। पैमत मिनी पंजाब सर्किल में खेतों में से धान की पराली के बंडल किसानों की सहमति से बनाने का कार्य फिलहाल बड़े पेमाने पर चल रहा है क्षेत्र के अन्नदाता भी इस कार्य में भरपूर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### इस अभिनव की पहल में खेतों में धान पराली से बना रहे बंडल

इस अभिनव पहल की शुरूआत आरटीसी कंपनी सोया चौपाल विदिशा कंपनी द्वारा रतनपुर के नजदीक एक किसान से लगभग 8 एकड़ जमीन को किराए से लेकर यहां कंपनी द्वारा बायो प्लांट बनाने की योजना बनाने का अनुबंध रिलायंस कंपनी से किया है। कंपनी के अधिकारी पवन शर्मा ने बताया कि धान की पराली से कंपनी बॉयो गैस प्लांट, कागज बनाने, लुगदी बनाने , भूसा , प्लायवुड बनाने की कार्य योजना बनाई है।

# सीएल गौर बने कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष

**भाजपा जिलाध्यक्ष व शुभचिंतकों ने दी बधाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



भोपाल संभाग अध्यक्ष कुर्मी आरजी ठाकुर की अनुशंसा पर प्रांतीय अध्यक्ष गिरधारी कुमायूं द्वारा जिले के वरिष्ठ पत्रकार सीएल गौर को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, बृजेश चतुर्वेदी, एस मुनियन, राकेश तोमर, जीतु ठाकुर सहित कुर्मी समाज के स्वजातीय बंधुओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं बधाई दी है। बधाई देने एवं आभार व्यक्त करने वालों में बद्री प्रसाद पठ्या, प्रकाश पठ्या, देवकरण पटेल, कन्हैयालाल गौर, रमेश गौर, विजय पटेल, देवेंद्र पटेल, मनोज पठ्या, मिथलेश पटेल, शनि पटेल, अमर सिंह पटेल, दौलत राम गौर, मुरलीधर गौर, ओमकार गौर, नितेश गौर, रोहित पटेल, हेमराज गौर, बटन पटेल, रंजीत सिंह गौर, खेमचंद गौर, लक्ष्मी नारायण, नारायण सिंह गौर, राम गणेश गौर, टीकम सिंह, जीएल गौर, मुन्ना लाल गौर, राकेश गौर, अमित कटियार, नरेंद्र पटेल, नीलेश पटेल, राजू गौर, नंदकिशोर गौर, हुकम सिंह, गगन गौर आदि शामिल हैं।

# गुरुद्वारा में मनाई गई गुरुनानक की जयंती



**दीवानगंज।** क्षेत्र के नए गुरुद्वारा और पुराने गुरुद्वारा में गुरु नानक देव की 556वीं जयंती बड़े हर्ष उल्लास और धूम से मनाई गई। गुरु नानक देव जी गुरुपर्व, जिसे गुरु नानक के प्रकाश उत्सव और गुरु नानक देव जी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। सिखों के पहले गुरु के जन्म का उत्सव मनाया गया। सिख धर्म के संस्थापक और सबसे प्रसिद्ध गुरुओं में से एक हैं। गुरुद्वारों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कीर्तन दरबार में संगत ने गुरु वाणी का पाठ सुना। श्रद्धालुओं ने गुरु के बताए मार्ग पर चलने और सेवा भाव अपनाने का संकल्प लिया।